# बिजली बिलों में फ्यूल सरचार्ज के नाम पर 'गहलोत टैक्स' वसूली : सुरेन्द्र सिंह

- बिजली के बिल में 500 से लेकर 5000 रूपये तक अतिरिक्त वसूली को सरकार का सबसे बड़ा घोटाला बताया



बिजली के बिलों में फ्यूल सरचार्ज को लेकर भाजपा नेता डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा नेता डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर बिजली के बिलों में फ्यूल सरचार्ज के रूप में की जा रही वसूली को 'गहलोत टैक्स' करार देते हुए इसे अवैध वसूली बताया।

शेखावत ने कहा कि राज्य भर के बिजली उपभोक्ताओं से इस माह के बिजली के बिल में 500 रूपये से लेकर 5000 रूपये तक अतिरिक्त वसूली के मसले पर प्रेस वार्ता में बोलते हुए इसे राज्य सरकार का सबसे बड़ा घोटाला बताया है। डॉ. सिंह ने अपने प्रेस बयान में कहा है कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह राज्य में बिजली की मांग और आपूर्ति में सामंजस्य रखें। समय रहते संभावित बिजली खरीद करार करें ताकि ऐन मौके पर बाहरी स्त्रोत से महंगी दर पर बिजली खरीदनी नहीं पड़े। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिजली महकमे के अधिकारियों की यह जिम्मेदारी थी कि वे समय पर संभावित बिजली का अग्रिम करार करते और ऐसा करने में विफल रहने पर उनकी गलती का दण्ड राज्य भर के बिजली उपभोक्ताओं को दिया जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है।

यह तर्क देना कि बिजली महंगी दर पर खरीदी गई है तो ईंधन अधिभार उपभोक्ता को वहन करना पड़ेगा। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। बढ़े हुए ईंधन अधिभार को राज्य सरकार स्वयं अपने स्तर पर वहन करें। बीकानेर शहर के घरेलू उपभोक्ताओं से जनवरी 22 से मार्च 22 की तिमाही के 0.19 पैसा प्रति यूनिट, अप्रैल 23 से जून 23 में 0.45 प्रति यूनिट और जुलाई 22 से सितम्बर 22 तक 0.52 पैसा प्रति यूनिट की एक साथ वसूली की जा रही है। इसके साथ ही 7 पैसा प्रति यूनिट का अलग से स्पेशल फ्यूल चार्ज वसूला जा रहा है जो कि सरासर अन्याय है।

शेखावत ने आरोप लगाया है कि निजी बिजली कम्पनियों के साथ कमीशन का बड़ा खेल खेलने के उद्देश्य से विद्युत निगम के अधिकारियों ने समय रहते बिजली खरीदने के करार नहीं किए जो उनकी जिम्मेदारी थी। यह वसूली दोषी अधिकारियों से की जाने की बजाय आम उपभोक्ताओं को अधिकारियों के अपराध की सजा दी जा रही है। यह गहलोत टैक्स नहीं तो और क्या है। शेखावत ने यह भी कहा कि बजट घोषणा में 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा तो 1 अप्रैल से स्वत: ही लागू हो जानी चाहिए थी। फिर यह रजिस्ट्रेशन किस बात के लिए करवाए जा रहे है। जबकि 50 यूनिट के लिए कोई पंजीकरण नहीं करवाया गया था। उन्होंने पूर्ववर्ती औसत 750 रूपये सब्सिडी की कटौती करके 565 रूपये किए जाने पर भी सवाल उठाए है। आम उपभोक्ता की 500 रूपये से लेकर 5000 रूपये तक प्रतिमाह की जेब काटी जा रही है जो कि यह सरकार के अधिकारियों की घोर लापरवाही और लूट के षडयंत्र में शामिल होने की योजना का हिस्सा है। भाजपा नेता डॉ. सिंह ने प्रेस वार्ता में विद्युत निगम की बीकानेर शहर की डिस्ट्रीब्यूटर्स फ्रेंचाइजी बीकानेर इलेक्ट्रीकल सप्लाई लिमिटेड पर भी आरोपों की झड़ी लगाई। शेचाावत ने अवैध वीसीआर भरने, विद्युत उपभोक्ताओं की अमानत राशि का ब्याज, वीसीआर सैटलमेंट में मनमर्जी करने, फर्जी तरीके से खुद ही की लैब में मीटर टैस्ट करने, हिडन तरीके से जीएसटी वसूलने नियम विरूद्ध मीटर बदलने और सतर्कता दल द्वारा किए गए अस्सेमेंट की गणना गलत करने जैसे आरोप बिजली कंपनी पर लगाए है।

## ईद उल अजहा का पर्व आज

**अनूपगढ़,** (कासं)। यहां गुरूवार को ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। ईद उल अजहा का पर्व सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्वक तरीके से मनाने के लिए आज पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल और थाना अधिकारी फूलचंद शर्मा ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और सीएलजी सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की।

मुस्लिम समुदाय के ईद उल अजहा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा विशेष रूप से गश्त की जा रही है। बैठक में सीएलजी सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से भी पुलिस उप अधीक्षक को अवगत करवाया गया। पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि अनूपगढ़ क्षेत्र में हिन्दू और मुसलमानों के त्योहारों को लेकर किसी भी तरह का कभी विवाद नहीं हुआ है। फिर भी पुलिस प्रशासन की ओर से चौकसी बरती जा रही है।

उन्होंने बताया कि आज बैठक में सर्व समाज के लोग तथा सीएलजी के सदस्य शामिल हुए। बैठक में सभी से अपील की गई है कि गुरूवार को मनाये जाने वाले ईद उल अजहा पर्व में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि कल ईदगाह पर विशेष रूप से पुलिस बल भी तैनात रहेगा। बैठक के दौरान सीएलजी के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मक्कड़ ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रहे नशे की रोकथाम के लिए सभी मेडिकल स्टोर के संचालकों की एक बैठक आयोजित की जाए।

## सार-समाचार

### क्षय रोगियों को पोषक किट बांटी



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने क्षय रोगियों को पोषक किट का वितरित की।

**बीकानेर,** (कासं)। जिला क्षय निवारण केंद्र बीकानेर में आज मल्टी सेक्टोरिअल एंगेजमेंट के अंतर्गत बीकानेर जिले की इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी का सरकार के आदेशानुसार जिला क्षय निवारण केन्द्र के साथ समन्वय हुआ। जिसके अंतर्गत सोसायटी द्वारा क्षय रोगियों को पोषण हेतु पोषक किट वितरित किये गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सी. एस. मोदी ने बताया कि क्षय रोगियों के पोषण हेतु सरकार के आदेशानुसार निक्षय मित्र बनाये जा रहे है। उसी क्रम में इंडियन रेडक्रॅास सोसायटी के साथ एमओयू हुआ है जिसके अंतर्गत संस्था द्वारा जिले के टीबी मरीज़ों को पोषण किट वितरित किये जायेंगे। सोसायटी के वाइस चेयरमैन विजय खत्री ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी समाज सेवा के कार्य करती रहती है। अब टीबी टीबी मरीज़ों को पोषण किट वितरित करके सेवा करेगी। टीबी एक संक्रामक बीमारी है। इसके उन्मूलन लिए सभी को सहयोग करना होगा। सोसायटी के चेयरमैन राजेन्द्र जोशी ने बताया कि निक्षय मित्र बनना और टीबी मरीज़ों की सेवा का अवसर मिलना बड़ी बात है। क्योंकि बीकानेर हमेशा से ही भामाशाहों का शहर रहा है। क्षय रोगियों की प्रतिरक्षा क्षमता बहुत कम होती है। इसलिए सोसायटी द्वारा उन्हें पोषण किट वितरित किये जा रहे है, जिससे वो जल्दी स्वस्थ हो सके। भामाशाह सरजू नारायण पुरोहित ने कहा कि टीबी की नियमित दवाईयों के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी अनिवार्य है ताकि वे शीघ्र स्वस्थ होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। टीबी एक संक्रामक बीमारी है जिसका इलाज व जांच सभी सरकारी चिकित्सालयों में नि:शुल्क किया जाता है।

### शुगर और बीपी की जांच



'हंड्रेड डेज फिट हेल्थ प्रोग्राम' के तहत बीकानेर कलेक्ट्रेट में आयोजित शिविर में कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार के 'हंड्रेड डेज फिट हेल्थ प्रोग्राम' के तहत बुधवार को जिला कलेक्टर कार्यालय तथा शिक्षा निदेशालय में नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों की स्क्रीनिंग की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पवार ने बताया कि जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में नियुक्त कार्मिकों की शुगर और बीपी की जांच की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रतिदिन अलग-अलग कार्यालयों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिसमे जिला एनसीडी इकाई के इन्द्रजीत सिंह ढाका, गिरधर गोपाल किराड़ू व पुनीत रंगा आदि मौजूद रहे।

### बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन

**हनुमानगढ़,** (कासं)। अघोषित बिजली कटौती और फ्यूल सरचार्ज के नाम पर की जा रही लूट के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गांव सतीपुरा के नजदीक स्थित जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम अधीक्षण अभियंता को मांगपत्र सौंप मांगों को पूरा नहीं करने पर जनजागृति अभियान चलाकर सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन के दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि हनुमानगढ़ क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती लगातार जारी है। इस भयंकर गर्मी में बिजली कब चली जाए कब आ जाए किसी को कोई पता नहीं है। पूर्व में किसी तरह की सूचना नहीं दी जा रही है। इस कारण आम जनजीवन पर भारी असर पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में तो लगातार 2-3 घंटे बिजली कटौती हो रही है। इससे छोटे उद्योग धंधे बहुत प्रभावित हो रहे हैं। बिजली कटौती के खिलाफ जनता लगातार धरने-प्रदर्शन कर रही है, लेकिन विद्युत विभाग उचित जवाब नहीं दे रहा। जहां भी फाल्ट आ जाता है उसे भी दूर नहीं किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि राजस्थान सरकार देश की ऐसी पहली सरकार है जिसने सौर ऊर्जा से बनने वाली बिजली पर भी टैक्स लगा दिया है। इसके कारण जिन्होंने बड़ा पैसा खर्च करके सौर ऊर्जा प्लांट घरों में लगाया था। वह अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बड़ी-बड़ी बिजली कंपनियों की ओर से फ्यूल सरचार्ज के नाम पर भार उपभोक्ताओं पर डाल दिया जाता है। किसी को नहीं पता होता किस भाव में कोयला आया। जब कोयला सस्ता होता है तो कंपनियां खरीदती नहीं हैं। बड़े स्तर पर होने वाली इस खरीद में उपभोक्ता का कोई रोल नहीं है।

# सी.एल. लगी होने के बाद भी रजिस्टर में हाजरी की

- सूरतगढ़ पंचायत समिति कार्यालय में बाबू का कारनामा
- बीडीओ ने हाजरी रजिस्ट्रर के कॉलम में सीएल अंकित कर दी थी फिर भी साइन किए

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ पंचायत समिति कार्यालय में कर्मचारी सीएल छुट्टी लेने के बाद भी हाजरी रजिस्ट्रर में अपने हस्ताक्षर करके अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। गंभीर बात यह है कि बीडीओ द्वारा हस्ताक्षर रजिस्ट्रर पर कर्मचारी के कॉलम में सीएल लगी होने के बाद कर्मचारी ने उस पर हस्ताक्षर कर हाजरी लगा दी।

जानकारी के अनुसार एलडीसी के प्रदेशव्यापी हड़ताल के आव्हान पर पंचायत समिति के स्थापना शाखा में एलडीसी ममता को कार्यभार सौंपा गया था। इस दौरान एलडीसी ने 20, 23 व 24 मई को छुट्टी पर जाने के लिए सीएल मांगी। इस पर बीडीओ ने सीएल जारी करते हुए हाजरी रजिस्ट्रर पर एलडीसी ममता के कॉलम में सीएल अंकित कर दी। एलडीसी के 25 मई को ड्यूटी ज्वाइन करने के बाद बीडीओ द्वारा लगाई गई सीएल पर हस्ताक्षर कर दिए।

पंचायत समिति बीडीओ ने एलडीसी को 25 मई को पंचायत समिति से कार्यमुक्त कर ग्राम पंचायत भैरुपुरा सीलवानी में ज्वाइन करने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद एलडीसी ने अपनी मनमर्जी से 31 मई तक पंचायत समिति के हाजरी रजिस्ट्रर में हस्ताक्षर कर रिलीव नहीं हुई। सरपंच संघ ने भी आरोप लगाया था कि कर्मचारी कार्यालय समय के दौरान ड्यूटी पर नहीं रहते हैं। ऐसे में पंचायत के कार्य सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रहे हैं।

पंचायत समिति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने का लक्ष्य मिला हुआ है। लेकिन खाद्य सुरक्षा के 4 हजार फार्म के लक्ष्य के अनुरुप केवल 1 हजार लोगों के नाम ही खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा सके हैं। कर्मचारियों के कार्यालय समय पर नहीं मिलने पर ग्रामीण चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कर्मचारियों का तर्क है कि इन दिनों एसएसओ सॉफ्टवेयर के पोर्टल पर खाद्य सुरक्षा योजना की साइट नहीं चल रही है। यही नहीं एसडीएम ने बीडीओ को निर्देशित किया था कि वे पात्र लोगों के नाम खाद्य सुरक्षा सूची में अधिक से अधिक जोड़े। लेकिन पात्र लोगों नाम न जुड़ने से वे सरकारी योजनाओं का लाभ से वंचित हो रहे हैं। बीडीओ ऋषिराज मीणा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांच करवा कार्रवाई की जायेगी।

वहीं गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर 3 जुलाई को भीनासर स्थित श्री गणेश धोरा धाम में गणेश भगवान का विशेष श्रृंगार, पूजन, महाआरती, हवन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भगवान श्री गणेश मंदिर का रंग बिरंगी रोशनी से विशेष सजावट की जायेगी तथा रात्रि को जागरण का आयोजन किया जायेगा।

## आशा पुरकेश्वर महादेव शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन में अबोहर मार्ग स्थित श्री गोविन्द धाम गौशाला प्रांगण में नवनिर्मित शिव मंदिर में बुधवार को आशा पुरकेश्वर महादेव शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

गुरू दयानन्द शास्त्री ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना के साथ शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई। इस मौके पर हवन यज्ञ किया गया। शिवलिंग स्थापना के मुख्य यजमान श्री गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष इन्द्रजीत हिसारिया, शिव भगवान दुढाणी, मनीष बतरा, बीरबल जिंदल, सौरभ जिंदल, लवली चावला, पवन गर्ग, रामा जिंदल, बब्बी, विनोद हिसारिया, मनु हिसारिया, ज्योति बब्बर थे। शिवलिंग स्थापना के पश्चात भंडारा लगाया गया।

गुरू दयानन्द शास्त्री ने कहा कि भारत देश में अनेक गौशालाएं हैं परंतु श्रद्धालुओं की नि:स्वार्थ भक्ति और सेवा से कुछ गौशालाएं दिव्य कहलाती हैं। इनमें हनुमानगढ़ की गौशाला एक है। ग्सावन का भगवान शिव का अति प्रिय महीना है। भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए भक्त पूरे विधि-विधान से आशा पुरकेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे।

# एटीएम कार्ड बदल की एक लाख की शॉपिंग

- लोन पास होने के बाद रुपए निकलवाने आई थी महिला, बदमाशों ने एटीएम कार्ड बदला
- कुछ देर बाद ही एक लाख सात हजार रुपए की शॉपिंग का मैसेज आया तो पता चला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जवाहर नगर थाने में देर शाम एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया।

महिला ने प्राइवेट बैंक में लोन के लिए एप्लाई किया था। वह रूपये निकलवाने के लिए एटीएम गई थी। इस दौरान दो लड़कों ने उसका एटीएम अपने दूसरे एटीएम से बदल लिया। कुछ देर बाद ही उसके एटीएम से एक लाख सात हजार रुपए की शॉपिंग कर डाली। महिला के मोबाइल पर मैसेज आया तब धोखाधड़ी का पता लगा। महिला ने जवाहर नगर थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया है।

एसएसबी रोड के जगदीश कुमार पुत्र हरिराम ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी का प्राइवेट बैंक से लोन पास हुआ था। ऐसे में वह रूपये निकलवाने के लिए बैंक के एटीएम पर गई थी। उसके एटीएम में प्रवेश करते ही दो युवकों ने भी एटीएम में प्रवेश किया। उसे रुपए निकलवाने में कुछ दिक्कत आई तो उसने युवकों से मदद मांगी। युवकों ने कुछ देर बाद उसे एटीएम वापस देते हुए कहा कि इससे रुपए अभी नहीं निकलेंगे। कल ही अब इससे रुपए निकलवाए जा सकेंगे। इस पर वह घर लौट गई। इसके कुछ देर बाद ही उसके मोबाइल पर उसके कार्ड से खरीदारी होने के मैसेज आने लगे। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता लगा। इस पर वह बैंक पहुंची और एटीएम से ट्रांजक्शन रूकवाए। तब तक आरोपी महिला के खाते से एक लाख सात हजार रुपए की शॉपिंग कर चुके थे। महिला के पति ने जवाहर नगर थाने मामला भी दर्ज करवाया।

# साढ़े 8 किलो डोडा-पोस्त के साथ गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (कासं)। अभियान के तहत घडसाना पुलिस ने देर रात एक व्यक्ति को साढ़े 8 किलो पोस्त सहित गिरफ्तार किया।

घड़साना पुलिस के एसआई संपतराम ने बताया कि वे एएसआई दिलबाग सिंह, एएसआई भजनलाल और कांस्टेबल विनोद कुमार के साथ नेशनल हाईवे 911 पर मंगलवार देर शाम गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि नेशनल हाईवे पर स्थित महावीर ढाबा के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम महावीर ढाबा के पास पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस की टीम को देखकर घबरा गया। एसआई संपतराम ने बताया कि जब उस व्यक्ति से उसका नाम पूछा गया, तो उसने अपना नाम लक्ष्मण राम पुत्र भंवरलाल निवासी गुसाईसर नापासर जिला बीकानेर बताया। शक होने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास साढ़े 8 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। एसआई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच रावला पुलिस के एसआई नरेश कुमार को सौंपी गई है। वहीं घडसाना थाने के एसआई संपत राम ने एक व्यक्ति को धक्का बस्ती से देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

## तीन कैदियों की पैरोल मंजूर

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला पैरोल सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें तीन प्रकरण पर सुनवाई हुई।

प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी हनुमानगढ़ एवं संबंधित कारागृह से प्राप्त रिपोटर्स के आधार पर जिला पैरोल सलाहकार समिति द्वारा विचार विमर्श बाद सर्वसम्मति से 3 प्रार्थना पत्र स्वीकृत किए गए। पैरोल मंजूर पाने वाले बंदी हरपाल सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह जाति जटसिख निवासी वार्ड नंबर 7ए पीलीबंगा है।

# हनुमानगढ़ टाउन के खाटूश्याम मंदिर से चोरी

- चोर मंदिर से इनवर्टर बैटरी व 5-6 हजार रुपए चुरा ले गया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। टाउन की तुलसी विहार कॉलोनी स्थित खाटूश्याम मंदिर से चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

घटना गत 5 मई की बताई जा रही है। इंद्राज शास्त्री पुत्र शंकरलाल शर्मा वार्ड 28 नई आबादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर मंदिर से इनवर्टर बैटरी व 5-6 हजार रुपए चुरा ले गया। मामले की जांच हैड कांस्टेबल मनीष कुमार को सौंपी गई है।

फतेहगढ़ एडवोकेट बहादुरराम स्वामी ने अपनी माता की पुण्यतिथि पर श्री करणी गो सेवा समिति को 51000 हरे-चारे के लिए भेंट किए। सहयोग राशि गौशाला अध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र खिलेरी को दी। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। भविष्य में भी इसी प्रकार से सहयोग करने की आव्हान किया। बहादुरराम स्वामी, सूरज, मोहन, पुष्पचंद्र, चंद्रमोहन आदि मौजूद रहे। 18 एसपीडी गांव 19 एसपीडी में भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन का लोकार्पण सांसद निहालचंद मेघवाल ने किया।

इस मौके पर विधायक धर्मेन्द्र मोची, सरपंच मंजू देवी, पंच अंजूबाला व अम्बेडकर नवयुवक संघ अध्यक्ष सीताराम शीला, उपाध्यक्ष रायसिंह कालवा, अमर सिंह, संजू, अशोक सुडा, गोपी कालवा, भीमसेन चालिया, राहुल, सोनू मेहरा, बेगराज, जसवीर शर्मा, जयपाल सूंडा, संदीप शीला, हेमंत कालवा, श्रवण सुडा आदि मौजूद थे।

# स्काउट एवं गाइड मंडल प्रशिक्षण केन्द्र में टीनशैड का लोकार्पण

- भामाशाह प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण केन्द्र में कक्ष मय शौचालय तथा टीनशेड के नीचे फर्श बनाने की घोषणा की




शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने स्काउट एवं गाइड मंडल प्रशिक्षण केन्द्र में टीनशैड का लोकार्पण किया।


**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड मंडल प्रशिक्षण केन्द्र रिडमलसर में मदन मोहन सक्सेना परिवार द्वारा नवनिर्मित टीनशैड का बुधवार को लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत का पालन करते हुए सक्सेना परिवार द्वारा यह अनुकरणीय कार्य किया गया है। यह दूसरों के लिए प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड के प्रतिनिधि अनुशासन में रहकर राष्ट्र और समाज की सेवा में करते हैं। यह संगठन पूरे समाज के लिए मिसाल है।

उन्होंने गत दिनों पाली के रोहट में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में बने विश्व रिकॉर्ड के बारे में बताया और कहा कि वैश्विक संगठन से जुड़ने वाले बच्चे और युवा संगठन की मर्यादा और अपेक्षाओं पर खरा उतरें। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी ने कहा कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड सेवा भाव के साथ कार्य करने वाला संगठन है। आज के दौर में ऐसे संगठनों की बेहद आवश्यकता है। कोविड काल जैसी चुनौती मैं इस संगठन द्वारा सराहनीय सेवाएं निशुल्क दी गई। सहायक स्टेट कमिश्नर राजेंद्र जोशी ने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। भामाशाह मदन मोहन सक्सेना ने बताया कि उनकी तीन पीढ़ियां स्काउट गाइड से जुड़ी रही हैं। संगठन के सिद्धांतों से प्रेरित होकर पिता स्व. विश्वंभर दयाल सक्सेना और धर्मपत्नी गंगा रानी सक्सेना की स्मृति में यह शेड बनाया गया है। इस दौरान भामाशाह प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण केन्द्र में कक्ष मय शौचालय तथा शेड के नीचे फर्श बनाए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह सक्सेना और प्रताप सिंह का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. विजय शंकर आचार्य, संयुक्त निदेशक (माशि.) डॉ. राजकुमार शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह भाटी, सहायक निदेशक ओमप्रकाश गोदारा आदि मौजूद थे।

# गैंगरेप पीड़ित परिवार को पांच लाख की राशि आर्थिक मदद के लिए सौंपी



केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की ओर से खाजूवाला गैंगरेप पीडित परिवार को पांच लाख की राशि रविशेखर मेघवाल ने सौंपी।

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा नेता रविशेखर मेघवाल भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ खाजूवाला के पीडित परिवार के घर पहुंचे। वहां केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल द्वारा गैंगरेप पीडित पक्ष की आर्थिक मदद के लिये पांच लाख की नगद राशि सौंपी।

रविशेखर मेघवाल ने बताया की दो दिन पूर्व भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल पीडित पक्ष से मिलने खाजूवाला पहुंचे थे। मेघवाल ने पीडित पक्ष को हिम्मत बंधाते हुए यह भरोसा जताया कि इस प्रकरण में चाहे कोई भी शख्स हो उसे किसी भी रूप में बख्शा नहीं जायेगा।

इस शर्मनाक घटना में दोषी पाये जाने वाले आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलायेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा जो भी मदद होगी वो शीघ्र दिलवाई जायेगी।

रविशेखर मेघवाल ने बताया कि पीडित परिवार से मिलकर केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने अपने स्वयं के खाते से पांच लाख रूपये की आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई ताकि पीडित परिवार को इस न्याय की लडाई में न्याय प्राप्त करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। आज भाजपा नेता रविशेखर मेघवाल ने खाजूवाला मंडल अध्यक्ष जगविन्द्र सिंह सिद्धु, सरपंच मांगीलाल मेघवाल के साथ राशि सौंपते हुए परिवार को भरोसा जताया कि इस न्याय की लडाई में हम सभी कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ मजबूती से खडे रहेंगे।